वाइटल स्टैट्स

तेलंगाना की तीसरी विधानसभा का प्रोफाइल

तेलंगाना की तीसरी विधानसभा के चुनाव के नतीजे 3 दिसंबर, 2023 को घोषित किए गए। राज्य में विधानसभा की 119 सीटें हैं। इस नोट में विधानसभा के नए सदस्यों (विधायकों) के प्रोफाइल की तुलना विधानसभा के पिछले कार्यकाल से की गई है।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 119 में से 64 सीटों के साथ बहुमत हासिल किया

राजनैतिक दल	2018	2023
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस	19	64
भारत राष्ट्र समिति	88	39
भारतीय जनता पार्टी	1	8
ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम)	7	7
भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी	0	1
तेलुगू देशम पार्टी	2	0
ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक	1	0
स्वतंत्र	1	0

महिलाओं के अनुपात में मामूली बढ़ोतरी, ग्रैजुएट डिग्री वाले विधायक कम





- 2023 में 8% निर्वाचित विधायक महिलाएं हैं, जो 2018 के अनुपात (5%) से अधिक है।
- 2023 में निर्वाचित 72 विधायकों के पास कम से कम ग्रैजुएट डिग्री है। यह संख्या 2018 के आंकड़े (85) से 15% कम है।

नवनिर्वाचित 60% विधायक 55 वर्ष से अधिक उम्र के हैं



- नवनिर्वाचित विधायकों की औसत आयु 56 वर्ष है। 55 वर्ष से अधिक आयु के विधायकों का अनुपात 2018 में 39% से बढ़कर 2023 में 60% हो गया।
- इस विधानसभा में महिला विधायकों की औसत उम्र 48 साल है, जबकि पुरुषों की 57 साल है।

निरंजना एस. मेनोन
niranjana@prsindia.org

अर्पिता मलिक
arpita@prsindia.org

4 दिसंबर, 2023

स्रोत: भारत निर्वाचन आयोग (results.eci.gov.in); ईसीआई पर अपलोड किए गए उम्मीदवारों के शपथ पत्र; MyNeta(https://www.myneta.info); पीआरएस।
नोट: इस विश्लेषण में उप-चुनावों के कारण विधानसभा में हुए किसी बदलाव को शामिल नहीं किया गया है।

अस्वीकरणः प्रस्तुत रिपोर्ट आपके समक्ष सूचना प्रदान करने के लिए प्रस्तुत की गई है। पीआरएस लेजिसलेटिव रिसर्च (पीआरएस) के नाम उल्लेख के साथ इस रिपोर्ट का पूर्ण रूपेण या आंशिक रूप से गैर व्यावसायिक उद्देश्य के लिए पुनःप्रयोग या पुनर्वितरण किया जा सकता है। रिपोर्ट में प्रस्तुत विचार के लिए अंततः लेखक या लेखिका उत्तरदायी हैं। यद्यपि पीआरएस विश्वसनीय और व्यापक सूचना का प्रयोग करने का हर संभव प्रयास करता है किंतु पीआरएस दावा नहीं करता कि प्रस्तुत रिपोर्ट की सामग्री सही या पूर्ण है। पीआरएस एक स्वतंत्र, अलाभकारी समूह है। रिपोर्ट को इसे प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के उद्देश्यों अथवा विचारों से निरपेक्ष होकर तैयार किया गया है। यह रिपोर्ट मूल रूप से अंग्रेजी में तैयार की गई है। हिंदी रूपांतरण में किसी भी प्रकार की अस्पष्टता की स्थिति में अंग्रेजी की मूल रिपोर्ट से इसकी पुष्टि की जा सकती है।